मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा तैयार व्हाट्सएप चौटबोट का लोकार्पण किया

District : dipr
Department :
VIP Person : General
Press Release
State News
Attached Document :
RK-15-04-2020-11.docx (http://103.203.138.54/news/205967/document/RK-15-04-2020-11.docx)

DESCRIPTION

मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा तैयार व्हाट्सएप चौटबोट का लोकार्पण किया

जयपुर,15 अप्रैल। मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने कोरोना महामारी के संकट से प्रदेशवासियो को सुरक्षा प्रदान करने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा तैयार किये गए एक व्हाट्सएप चौटबोट का लोकार्पण किया है।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री डॉ. रघु शर्मा ने समस्त प्रदेशवासियों से इस व्हाट्सएप चौटबोट का अधिकाधिक उपयोग करते हुए कोरोना संकट से बाहर आने में सरकार का सहयोग करने की अपील की है। ।

अतिरिक्त मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य श्री रोहित कुमार सिंह ने बताया कि यह प्रदेश का पहला व्यापक चौटबोट है जो नागरिकों व स्वास्थ्य कर्मियों को कोरोना वायरस के बारे में महत्वपूर्ण व राज्य विशिष्ट जानकारी प्रदान करेगा। यह चौटबोट नागरिकों में जागरूकता फैलाने के साथ साथ प्रदेशभर की गर्भवती महिलाओं की ट्रैकिंग करते हुए उनके सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित करवाने में भी सहायता प्रदान करेगा।

उन्होंने बताया कि इस चौटबोट का उपयोग करने के लिए https://wa.me/911412225624?text=Hi (https://wa.me/911412225624?text=Hi) इस लिंक पर क्लिक करें। अथवा अपने व्हाट्सएप मे ़911412225624 नंबर को सेव करके भ्प भेजें।

SUPPORTING IMAGES